समाचार

तुलसीनगर जोन आफिस में आयोजित हुआ समस्या निवारण शिविर

(शिविर में पहुंचे महापौर, व्यवस्थाओं को देखा, कराया समस्याओं का निराकरण)

कोरबा 11 फरवरी 2022 – बिजली संबंधी शिकायतों एवं समस्याओं तथा बिजली बिल सुधार के संबंध में आज बिजली विभाग के तुलसीनगर जोन आफिस में शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, शिकायतें व समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों से भेंटकर उनकी समस्याओं को जाना तथा मौके पर ही शिकायतों पर निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निर्देश पर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित बिजली विभाग के तीनों जोन आफिस में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कराया गया है ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को अपनी बिजली संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण त्वरित रूप से किया जा सके, साथ ही बिजली बिल संबंधी सुधार आदि के कार्य भी मौके पर हो सके तथा आमनागरिकों को बिजली संबंधी शिकायतों व समस्याओं से राहत मिल सके। उन्होने कहा कि इसी कड़ी में सी.एस.ई.बी. ईस्ट क्षेत्र के पाड़ीमार जोन कार्यालय, एच.टी. पी.एस. कालोनी लाल मैदान स्थित जोन कार्यालय में शिविर लगाए गए तथा आज तुलसीनगर जोन कार्यालय में शिविर लगाया गया है। उन्होने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमनागरिकों ने बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया, विशेषकर बिजली बिल सुधार आदि के कार्य मौके पर किए गए, जिसके लिए मैं बिजली विभाग के

अधिकारी कर्मचारियों एवं इस कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले पार्षदबंधुओं को बधाई देता हूँ।

शिविर के दौरान सभापति श्यामसुंदर सोनी के साथ ही एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, पार्षद रवि चंदेल, रितु चौरसिया, धनसाय साहू, एल्डरमेन बच्चू मखवानी एवं एस. मूर्ति, पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव, विकास अग्रवाल, विद्युत विभाग के एस.के. चक्रवर्ती, अनुपम सरकार, आदि उपस्थित थे।